भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 630

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

दिल्ली से कटरा तक एक्सप्रेसवे का निर्माण

630. श्री योगेन्द्र चांदोलिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सेक्टर-36, भगवान महावीर मार्ग, हेलीपोर्ट, रोहिणी, दिल्ली से दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे तक यूईआर-2 को जोड़ते हुए एक्सप्रेसवे बनाने की आवश्यकता संबंधी प्रस्ताव से अवगत है, यदि हां, तो प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) प्रस्तावित एक्सप्रेसवे की लंबाई, चौड़ाई, संरेखण और निर्माण की अनुमानित लागत सहित इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रस्तावित एक्सप्रेसवे से यात्रा समय में कमी, बेहतर कनेक्टिविटी, वर्धित आर्थिक वृद्धि सहित क्या लाभ मिलने की अपेक्षा है और परियोजना से लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या कितनी है;

(घ) सरकार द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ङ) लोगों के विस्थापन और पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(च) प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के पूरा होने की समय-सीमा क्या है, और इसके निर्माण और अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी अभिकरण कौन-से हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (च) दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे और यूईआर II के बीच संपर्कता (कनेक्टिविटी) के लिए डीपीआर परामर्शदाता की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है। सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को दिल्ली एनसीआर के आसपास के एनएच के विकास सहित एनएच की घोषणा/उन्नयन/विकास के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। डीपीआर के परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, कनेक्टिविटी की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं।

*****